# उत्तराखंड बोर्ड का 10वीं-12वीं का रिजल्ट जारी

## – प्रियांशी ने हाईस्कूल परीक्षा में सौ फीसदी अंक लाकर पाया मुकाम, प्रदेश में टॉप, तो इंटर में पीयूष-कंचन ने किया टॉप

**परीक्षाफल**

**8 - हाईस्कूल में 89.14 प्रतिशत तो इंटरमीडिएट में 82.63 फीसदी विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं का परीक्षाफल मंगलवार को जारी हुआ। बोर्ड परीक्षा में इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी है। हाईस्कूल में जेबीएस जीआईसी गंगोलीहाट पिथौरागढ़ की छात्रा प्रियांशी रावत ने प्रदेश में टॉप किया है। छात्र ने 500 में से 500 अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। प्रियांशी ने हाईस्कूल परीक्षा में 500 में से 500 नंबर लाकर ये मुकाम पाया है। वहीं, इंटरमीडिएट में विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधाम रोड अल्मोड़ा के पीयूष खोलिया व एचजीएसएसवीएमआईसी कुसुमखेड़ा हल्द्वानी की छात्रा कंचन जोशी ने 500 में से 488 अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर बोर्ड के सभापति महावीर सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम सुबह साढ़े 11 बजे घोषित किया। हाईस्कूल में उत्तीर्ण प्रतिशत 89.14 रहा। इसमें 85.59 फीसदी छात्र और 92.54 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि इंटरमीडिएट में कुल 82.63 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें 78.97 फीसदी छात्र और 85.96 फीसदी छात्राएं पास हुई हैं।

**परीक्षा में इतने छात्र हुए थे शामिल**
इसबार हाईस्कूल में संस्थागत और व्यक्तिगत एक लाख, 16 हजार 379 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 94 हजार 768 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। कुल दो लाख 11 हजार 147 परीक्षार्थियों का परीक्षाफल जारी हुआ।

**हाईस्कूल के टॉप 5 छात्र-छात्राएं**
- प्रियांशी रावत : 500 में 500 अंक (100 प्रतिशत)
- शिवम मलेठा : 500 में 498 अंक (99.60 प्रतिशत)
- आयुष : 500 में 495 अंक (99 प्रतिशत)
- पूर्वांशी ध्यानी : 500 में 494 अंक (98.80 प्रतिशत)
- अर्चित ढौंडियाल : 500 में 493 अंक (98.60 प्रतिशत)

**इंटरमीडिएट में टॉप 5 छात्र-छात्राएं**
- पीयूष खोलिया : 500 में 488 अंक (97.60 प्रतिशत)
- कंचन जोशी : 500 में 488 अंक (97.60 प्रतिशत)
- अंशुल नेगी : 500 में 485 अंक (97.00 प्रतिशत)
- अरीश चंद्र बिजलवा : 500 में 480 अंक (96.00 प्रतिशत)
- आयुष अवस्थी : 500 में 480 अंक (96.00 प्रतिशत)
- अभय उपाध्याय : : 500 में 479 अंक (95.80 प्रतिशत)
- सोनाली यादव : 500 में 478 अंक (95.60 प्रतिशत)

# सोशल मीडिया पर मतदाता जागरूकता अभियान में उत्तराखंड प्रथम

**रैंकिंग जारी**

**8 -मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सूचना महानिदेशक ने टीम को दी बधाई**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सोशल मीडिया पर मतदान जागरूकता अभियान में उत्तराखंड ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से मार्च महीने की रैंकिंग जारी की गई है। उत्तराखण्ड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम और सूचना महानिदेशक ने इस उपलब्धि के लिए सोशल मीडिया टीम को बधाई दी है।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में मतदान जागरूकता अभियान को ग्राउंड स्तर और सोशल मीडिया पर योजनाबद्ध तरीके से तेजी से चलाया गया। मतदान जागरूकता और मतदान संबंधी जानकारी से भरे क्रिएटिव कंटेंट लोगों की ओर से काफी पसंद किए गए।सीमांत ग्रामीण क्षेत्रों से पारंपरिक वेशभूषा में वोट अपील हो या फिर महिला समूह का मतदान पर सुंदर गीत हो या फिर स्टेट आइकॉन के साथ-साथ बॉलीवुड स्टार्स का मतदाताओं के नाम संदेश सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए। सीईओ उत्तराखण्ड के सोशल मीडिया हैंडल पर चलाए गए रील्स और क्विज कंपिटीशन में भी लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



## संक्षिप्त खबरें


### स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड बोर्ड स्पेशल डिविडेंड के डिक्लेरेशन पर करेगा विचार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर की लीडिंग कंपनी स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि स्पेशल डिविडेंड की घोषणा पर विचार करने के लिए उसका बोर्ड 30 अप्रैल को बैठक करेगा। बोर्ड इक्विटी शेयर्स/कन्वर्टिबल सिक्योरिटीज को प्रेफरेंशियल इश्यू/राइट्स इश्यू/या किसी अन्य तरीके से जैसा विचार किया जा सकता है या जैसा उचित समझा जा सकता है, जारी करने पर भी विचार करेगा।
इससे पहले, कंपनी ने स्टॉक को 10:1 रेशो में विभाजित किया था (10 रुपये के एफवी वाले 1 इक्विटी शेयर को प्रत्येक 1 रुपये के एफवी वाले 10 शेयर्स में विभाजित किया था) और 2:1 रेशो में बोनस जारी किया था (1 एफवी रुपये के दो बोनस शेयर्स तथा प्रत्येक धारित 1 एफवी रुपये के प्रत्येक एक्जिस्टिंग इक्विटी शेयर हेतु)।
स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में एक अग्रणी खिलाड़ी है। प्रत्येक ग्राहक की विशिष्टता को अपनाते हुए, कंपनी लगातार व्यक्तिगत, पेशेवर सेवाएं देने का प्रयास करती है। यह बेस्ट प्रोफेशनल नॉर्म्स और प्रैक्टिसेस का सख्ती से पालन करते हुए, हर बातचीत में गतिशीलता दिखाते हुए, प्रत्येक ग्राहक के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को बरकरार रखता है। कंपनी पर्सनल लोन्स की एक विविध श्रृंखला प्रदान करती है, जो न केवल प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करती है बल्कि फ्लेक्सिबल रीपेमेंट शर्तें भी सुनिश्चित करती है। उनके समर्थन से, ग्राहक बिना किसी भ्रम या चिंता के आत्मविश्वास से अपने लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। फाइनेंशियल सपोर्ट चाहने वाले व्यवसायों के लिए, कंपनी फ्लेक्सिबल ओवरड्राफ्ट ऑप्शंस के साथ बिजनेस लोन देती है।
कंपनी ग्राहकों को तेज वित्तीय सहायता प्रदान करके, आसानी से बिजनेस ग्रोथ को बढ़ावा देकर प्रतिस्पर्धा में आगे रहने के लिए सशक्त बनाती है। फ्लेक्सी ओवरड्राफ्ट सुविधा कैश फ्लो मैनेजमेंट को आसान बनाती है, आवश्यकतानुसार धन तक आसान पहुंच प्रदान करती है और ट्रेडिशनल लोन ऐप्लिकेशंस की जटिलताओं को दूर करती है।
स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड के आगामी प्रोडक्ट्स में फी फाइनेंसिंग और गोल्ड लोन शामिल हैं। फी फाइनेंसिंग की पेशकश इच्छुक छात्रों और अभिभावकों की जरूरतों को पूरा करती है और एजुकेशनल एक्सपेंसेस को सरल बनाती है। टेक-ड्रिवन प्लेटफॉर्म फी फाइनेंसिंग के लिए तेज और सहज ऐप्लिकेशंस को सक्षम बनाता है, जिससे सभी के लिए सुलभ और किफायती शिक्षा सुनिश्चित होती है। कंपनी द्वारा पेश किए गए सिम्प्लफाइड गोल्ड लोन अर्जेंट फाइनेंशियल आवश्यकताओं के लिए इंस्टेंट सोल्यूशन प्रदान करते हैं, बिना किसी देरी या अत्यधिक कागजी कार्रवाई के गोल्ड होल्डिंग का लाभ उठाते हैं।
कंपनी लर्निंग और प्रोग्रेस के कल्चर को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जो इसके एजुकेशनल लोन्स की पेशकश में दशार्यी जाती है। यह एक आगामी प्रोडक्ट है जिसका उद्देश्य इच्छुक शिक्षार्थियों को क्वॉलिटी एजुकेशन प्राप्त करने में सहायता करना है। फ्लेक्सिबल रीपेमेंट ऑप्शंस पर ध्यान देने के साथ, कंपनी छात्रों के लिए फाइनेंशियल दबाव को कम करती है, जिससे वे एकेडमिक एस्पिरेशंस को आगे बढ़ाने में सक्षम होते हैं। इसके फाइनेंशियल असिस्टेन्स प्रयास यह सुनिश्चित करते हैं कि शैक्षणिक गतिविधियाँ पहुंच के भीतर हों, कॉम्पिटेटिव इंट्रेस्ट रेट्स की पेशकश करें और ऑनलाइन ऐप्लिकेशन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करें।
एंपावरमेंट हेतु अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, कंपनी किसानों को एग्रीकल्चर लोन ऑफरिंग के आधार के रूप में मान्यता देते हुए एग्रीकल्चर लोन (आगामी प्रोडक्ट) का विस्तार करने की दिशा में काम कर रही है। क्रॉप कल्टीवेशन, इक्विपमेंट परचेज और फार्म आधुनिकीकरण सहित विभिन्न कृषि गतिविधियों के लिए समय पर वित्तीय सहायता अन्य बातों के अलावा, कंपनी के समर्पण को रेखांकित करता है।
एडवांस्ड लोनिंग प्लेटफॉर्म ट्रांसपेरेंसी और कम से कम औपचारिकताएं सुनिश्चित करेगा, जिससे भारत के कृषि क्षेत्र में सभी योगदानकताओं के लिए धन तक जल्दी पहुंच की सुविधा होगी। कंपनी की प्रतिभूतियाँ बीएसई (बीएसई: 511700) पर सूचीबद्ध हैं।


### जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने मंगलवार को केन्द्रीय विद्यालय में बने स्ट्रॉन्ग रूम क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। स्ट्रॉन्ग रूम पर भौतिक रूप से पैनी नजर रखी जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को स्ट्रॉन्ग रूम परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी के दौर में तीसरी आंख कहे जाने वाले उपकरण सीसीटीवी के जरिए भी 24 घंटे स्ट्रॉन्ग रूम की निगरानी की जा रही है।

# बिजली-पानी की दरों में बढ़ोतरी पर भड़की कांग्रेस, फूंका राज्य सरकार का पुतला

**पुतला दहन**

**8 कांग्रेस कार्यकताओं ने आज श्रीराम चौक ज्वालापुर में प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव के बीच प्रदेश में बिजली और पानी की दरों में वृद्धि के खिलाफ महानगर कांग्रेस कार्यकताओं ने आज श्रीराम चौक ज्वालापुर में प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।
इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ मुरली मनोहर ने कहा कि भाजपा सरकार उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव खत्म होते ही बिजली, पानी की दरें बढ़ाकर जनता का शोषण कर रही है। भाजपा सरकार समय-समय पर बिजली व पानी के दामों में बढ़ोतरी कर आम आदमी की जेब पर डाका डालने का काम कर रही है। भाजपा सरकार को आमजन से कोई सरोकार नहीं है। महंगाई से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। भाजपा सरकार की दोहरी मानसिकता का पता इस बात से भी लगाया जा सकता है कि चुनाव में आम आदमी को एक ओर राहत देने की बात करते हैं और दूसरी ओर चुनाव समाप्ति के तुरंत बाद ही बिजली के दामों में वृद्धि कर जनता की कमर तोड़ने का काम करते हैं।
पूर्व सभासद अशोक शर्मा व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है। उन्होंने बिजली के दामों में बढ़ोतरी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि आम आदमी का हितेषी बताने वाली भाजपा सरकार को वोट लेने के बाद जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और भाजपा में हमेशा आमजनता को धोखा देने का काम किया है। एक और तो प्रधानमंत्री अपनी चुनावी जनसभाओं में बिजली बिल शून्य आने के बात करते हैं और दूसरी तरफ मतदान के तुरंत बाद भाजपा शासित प्रदेश में बिजली की दरों में वृद्धि करते हैं। भाजपा सरकार ने पिछले ही साल बिजली के दामों में बढ़ोतरी का फरमान सुनाया था? प्रदेश सरकार में दोबारा लगभग सात प्रतिशत बिजली के दामों में बढ़ोतरी हुई है। महिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लता जोशी व बीएस तेजियान ने कहा कि एक तरफ बेरोजगारी और दूसरी तरफ बढ़ती महंगाई। ऐसे में उत्तराखंड भाजपा सरकार बिजली-पानी के दरों में बढ़ोतरी कर आम आदमी को कर्ज में डूबाने का काम कर रही है।



# 97.8 प्रतिशत अंक के साथ यूसुफ सिद्दीकी ने हरिद्वार का नाम किया रोशन

**रिजल्ट**

**8 युसूफ ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर हरिद्वार में पहला और उत्तराखंड में नौंवा स्थान प्राप्त किया है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड बोर्ड के रिजल्ट मंगलवार को जारी किए गए। 10वीं और 12वीं के रिजल्ट में इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी है। हरिद्वार जनपद में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 10वीं के छात्र युसूफ सद्दीकी ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर जनपद हरिद्वार में पहला और उत्तराखंड में नौंवा स्थान प्राप्त किया है।सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पांच बच्चों का नाम मेरिट लिस्ट में आया है। इसको लेकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रबंधक और छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हरिद्वार के प्रधानाचार्य लोकेंद्र दत्त ने परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए बच्चों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों और अध्यापकों की मेहनत से परीक्षा परिणाम बेहतर रहा।



### आईजी ने चारधाम यात्रा व्यवस्था पर की बैठक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल चारधाम यात्रा चाक-चौबंद बनाने के लिए प्रयासरत हैं। आईजी के निर्देश पर उत्तराखंड की मित्र पुलिस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं।
आईजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि चारधाम यात्रा पर यातायात को सुचारू रूप से संचालित रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऋषिकेश के तपोवन क्षेत्र में 53 मोड़ हैं, जहां पर होटल-रेस्टोरेंट होने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसे सुचारू करने के लिए उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ तपोवन क्षेत्र का भ्रमण किया।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा: सौ प्रतिशत अंक लाकर गाड़े सफलता के झंडे

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की ओर से मंगलवार को घोषित 10वीं-12वीं परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने फिर जलवा दिखाया तो छात्रों ने भी धूम मचाई। 10वीं में उत्तराखंड की बेटी प्रियांशी ने 100 प्रतिशत अंक लाकर सफलता के झंडे गाड़े। प्रियांशी को 500 में से 500 अंक मिले हैं। 10वीं-12वीं की परीक्षा 27 फरवरी को शुरू हुई थी 16 मार्च को समाप्त हुई थी।

**10वीं-12वीं परीक्षा परिणाम में प्रदेश में बागेश्वर जनपद प्रथम**
जनपद बागेश्वर हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में कुल 95.42 प्रतिशत तो इंटरमीडिएट में 93.00 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में इस बार हाईस्कूल का परीक्षाफल वर्ष 2023 की तुलना में 03.97 प्रतिशत तो इंटरमीडिएट का परीक्षाफल वर्ष 2023 की तुलना में 01.65 प्रतिशत अधिक है। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं-12वीं परीक्षा में छात्र-छात्राओं के सफल होने और 100 प्रतिशत अंक लाने से यही साबित होता है कि अब राज्य बोर्ड की ओर से नियंत्रित सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर तेजी से ऊपर उठ रहा है। सबसे अच्छी बात यह है कि पढ़ाई और प्रदर्शन के मामले में लड़कियां लगातार आगे निकल रही हैं।

**हाईस्कूल : श्रेष्ठता सूची में ये रहे अव्वल**
प्रदेश की संयुक्त श्रेष्ठता सूची में जेबीएस जीआईसी गंगोलीहाट पिथौरागढ़ की छात्रा प्रियांशी रावत ने हाईस्कूल परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जनता जूनियर हाईस्कूल रूद्रप्रयाग के छात्र शिवम मलेठा ने हाईस्कूल परीक्षा में 99.60 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्रीकोट गंगानाली पौड़ी गढ़वाल के छात्र आयुष ने हाईस्कूल परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

**श्रेणी और प्रतिशत**
सम्मान सहित उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 10594 और प्रतिशत 09.42 है। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 31116 और प्रतिशत 27.68 है। द्वितीय श्रेणी में 44320 और प्रतिशत 39.43 तो तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 14139 और प्रतिशत 12.58 है।

**हाईस्कूल में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या**
हाईस्कूल परीक्षा 2024 में पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 115666 थी। 112377 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें से 100179 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। हाईस्कूल के परीक्षाफल 89.14 प्रतिशत में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.59 तो बालिकाओं का 92.54 रहा। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.56 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 58.80 रहा।

# ब्याज की रकम न लौटाने पर दुकानदार को बंधक बनाकर पीटा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ब्याज का पैसा न देने पर ब्याज माफिया ने दुकानदार को घर बुलाकर बंधक बनाया और उसके साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं बंदूक की नोक पर उससे चेक पर साइन भी कराए। पीड़ित ने मामले में पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर जांच शुरू कर दी है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार रूड़की सिविल लाइन में अनिल अरोड़ा की दुकान है।
अनिल अरोड़ा ने मंगलवार की दोपहर सिविल लाइन कोतवाली पहुंच पुलिस को तहरीर देते हुए कहा कि उसने कुछ समय पहले चार लाख रुपये ब्याज पर लिए थे। किन्ही कारणों के चलते वह समय पर पैसे नहीं दे पाया लेकिन उसने ब्याज माफिया को एक लाख रुपये वापस दे दिए थे। पीड़ित ने कहा कि उसे पिछले काफी समय से ब्याज माफिया ने परेशान कर रखा था। 26 अप्रैल की शाम को उसने दुकानदार को फोन करके घर पर बुलाया।
पीड़ित दुकानदार अनिल अरोड़ा ने कहा कि जैसे ही वह उनके घर पहुंचे तो इसी दौरान उनके बड़े बेटे ने उसे बंधक बना लिया और बाप-बेटे ने बेल्ट से जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं बंदूक की नोक पर उससे चेक पर साइन भी करा लिए। उसने आज सिविल लाइन कोतवाली पहुंचकर आरोपित ब्याज माफिया के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने पर मामले की जांच कर आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



**रिजल्ट**

**8 युसूफ ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर हरिद्वार में पहला और उत्तराखंड में नौंवा स्थान प्राप्त किया है**

# मुख्यमंत्री धामी ने कड़े फैसलों से देश में बनाई अलग पहचान, विभिन्न राज्यों में कर रहे चुनाव प्रचार

**लोकप्रियता**

**8 -केंद्रीय नेतृत्व के पसंदीदा नेताओं में मुख्यमंत्री धामी -उत्तराखंड में सवा माह में की 90 जनसभाएं, रोड शो**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि उत्तराखंड में कम समय में बड़े और कड़े फैसलों से देशभर में खासी लोकप्रियता हासिल की है। खासकर देश में सबसे कठोर नकलरोधी कानून लागू करने, आजाद भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) जैसे कानून पर निर्णय लेना, लैंड जिहाद, दंगारोधी कानून आदि फैसलों से मुख्यमंत्री धामी देश में नजीर पेश कर चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्तराखंड के युवा मुख्यमंत्री की लोकप्रियता को इस लोकसभा चुनाव में उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक भुना रही है।



भाजपा ने मुख्यमंत्री धामी को देशभर के लिए स्टार प्रचारक बनाकर उनकी लोकप्रियता को भुनाने का निर्णय लिया है। राज्य में ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां करने के बाद धामी अब देशभर में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों के प्रचार में जुट गए हैं। इसकी शुरूआत दक्षिण भारत के तेलांगना के निजामाबाद, वारंगल, हैदरबाद से कर चुके हैं। वहां मुख्यमंत्री धामी की रैलियों में उमड़ी भीड़ ने उनकी राष्ट्रीय लोकप्रियता पर मुहर लगा दी है।
मुख्यमंत्री धामी राज्य में सवा माह में 90 जनसभाएं, रोड शो, नारी शक्ति वंदन, कार्यकर्ता मिलन और प्रबुद्धजन सम्मेलन के बाद अब देश के बड़े राज्यों में ताबड़तोड़ रैली में जुट गए हैं। उत्तरप्रदेश के लखनऊ में गृहमंत्री राजनाथ सिंह की नामांकन रैली और रोड शो के अलावा लखनऊ में पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने देश के बड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी।
इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बरेली में पार्टी उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के लिए सम्मेलन में प्रतिभाग कर भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने देवभूमि से देश को जाने वाले संकल्प से सिद्धि तक के संदेश से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री धामी ने साफ कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प से ही भारत विश्वगुरु बनेगा।
इधर, मुख्यमंत्री धामीने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में पार्टी उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी के नामांकन रैली में प्रतिभाग किया। इसके अलावा बुधवार को दिल्ली में कई चुनावी रैलियों में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही उत्तराखंडी प्रवासियों के कार्यक्रम में शिरकत कर पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगे।
झारखंड के रांची में गुरुवार को पार्टी उम्मीदवारों संजय सेठ और समीर ओरेण के समर्थन में जनसभा व नामांकन में प्रचार करेंगे।
उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री धामी अपने काम और सरकार में लिए गए बड़े फैसलों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के युवा पसंदीदा नेताओं की सूची में भी शिखर पर हैं। ऐसे में भाजपा ने उनको देश के बड़े राज्यों में प्रचार की कमान सौंपी है।



